आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामले व संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू प्रदेश के दौरे के तीसरे दिन आज लाहौल–स्पिति ज़िले के दौरे पर रहेंगे। केंद्रीय मंत्री केलांग में सीवरेज प्लांट सहित कई जन कल्याणकारी योजनाएं जनता को समर्पित करेंगे। उन्होंने बीते कल किन्नौर ज़िले में भी विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें पूह में करीब साढ़े 9 करोड़ रूपये की लागत वाले 2 इंडोर खेल स्टेडियमों का शिलान्यास शामिल है। केन्द्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास व वित्त निगम के लाभार्थियों से भी संवाद किया। उन्होंने ज़िला अधिकारियों को तय समय में योजनाएं पूरा करने के निर्देश दिए ताकि धनराशि की अगली किश्त समय पर जारी की जा सके।

हमने पैसा दिया राज्य सरकार उसके इंम्लिमेंट करते है लेकिन सही समय पर इंम्लिमेंट नहीं होगा तो उसका जो दूसरी बार जो पैसा आना है उसमें विलम्भ होगा। इसलिए डिप्यूटी कमिशन आपके यहां जिला अधिकारी और बाकि जितना भी यहां पर डिपार्टमेंट के ऑफिसर है जो इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के लोग है उनको मैं अनुरोध करता हूं की समय पर स्कीम को कम्प्लिट करने का कोशिस करें।

मनसुख मांडविया

केंद्रीय श्रम व रोजगार और युवा मामले व खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कल शिमला में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 196वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निगम के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने के उद्देश्य से कई योजनाओ निति और प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने देश भर में नियोक्ता व कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना– एसपीआरईई को फिर से शुरू करने को मंजूरी दे दी है। मूल रूप से वर्ष 2016 में शुरू की गई इस योजना ने 88 हजार से अधिक नियोक्ताओं और एक करोड़ कर्मचारियों के पंजीकरण को सफलतापूर्वक सुगम बनाया। नवीनीकृत योजना पहली जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक खुली रहेगी ।

मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार चिकित्सा महाविद्यालयों के उन्नयन पर एक हजार एक सौ करोड़ रूपये खर्च कर रही है जिससे एक वर्ष के भीतर प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में विशेष परिवर्तन देखने को मिलेंगे। ये बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शाम राजकीय डेंटल कॉलेज शिमला में आयोजित इंटर कॉलेज समारोह में कही।उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की है कि प्रदेश के सुपर स्पैशलिटी अस्पताल चमियाणा शिमला में पहली रोबोटिक सर्जरी मशीन स्थापित की गई है ,और राज्य के अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों में भी रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी तीन माह के भीतर प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में पैट स्कैन और तीन टेक्सला एमआरआई मशीनें भी स्थापित की जाएंगी।

मांग चम्बा

कठिन भोगोलिक परिस्थितियों वाले आकांक्षी जिला चम्बा के लिए सरकार ने क्रिटिकल केयर यूनिट स्वीकृत किया है लेकिन इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। चम्बा जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी ने प्रशाशन व् सरकार से इस विषय में गंभीरता दिखाते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की है। नीलम कुमारी ने आरोप लगाया है कि यूनिट के नाम पर चम्बा मेडिकल कॉलेज में ऐसी मशीनरी की भी खरीद की गई जिसकी आवश्यकता नहीं थी।

मनाली और चम्बा में इस तरह की जो एक सुविधा दी गई थी विशेष रूप से मनाली में इसका कार्य जो है शुरू हो गया है। लेकिन जिला चम्बा में जो अभी तक किटिकल जो ब्लॉक बनाना है वह नहीं बन पाया है। भगवान न करे भविष्य में यदि कोराना जैसी कोई महामारी आती है तो ऐसे में प्रशासन की उससे निपटने के लिए क्या रणनीति रहेगी। सुनने में तो यह भी यहां जो मशीने खरीदी गई जो मशीने खरीदी है तो मेरा बार–बार सरकार व प्रशासन से आग्रह है कि जो किटिकल ब्लॉक बनाना था उस पर थोड़ा ध्यान दे।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय शिमला में होगी। बैठक में ऊर्जा नीति के साथ ही लैंड रेवेन्यू एक्ट को लेकर भी चर्चा की जा सकती है। इस संबंध में बैठक मे एक प्रस्तुती दी जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार ऐसे आबंटित प्रोजेक्ट रद्द कर सकती है जिसका निर्माण कार्य कम्पिनियों ने अभी तक नहीं किया है।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बीती रात से मानसून की वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 8 जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच कुल्लू जिला में मॉनसून की सक्रियता को देखते हुए सभी जल विद्युत परियोजनाओं में अर्ली वार्निंग सिस्टम, सायरन, हूटर और माइक प्रणाली सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त तोरूल एस रविश ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल क्रीड़ा की सभी गतिविधियों को स्थगति करने के आदेश जारी किए है।

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से

दैनिक जागरण ने केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्संख्यक मामले मंत्री के हवाले से शीर्षक दिया है–किन्नौर से आरंभ हो सकती है कैलास मानसरोवर यात्रा।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के हवाले से सुर्खी दी है–डैंटल पी.जी. डाक्टरों का स्टाइपैंड बढ़ाने का विचार। हिमाचल दस्तक लिखता है–हिमाचल को हाइड्रो पॉलिसी में राहत देगी सुक्खू सरकार।

आपका फैसला का कहना है–अच्छे परिणाम नहीं देने वाले शिक्षकों की इंक्रीमेंट रोगी जाएगी।